हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026

06 तेज हवा और ऊंची लहरों से हादसा हुआ दूसरे दिन...



07 कृषि ऋण लेकर जमा नहीं करने वाले किसान...






## खबर संक्षेप

### राहगीरों के लिए स्थापित की शीतल जल प्याऊ

**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम बिलकिसगंज, बमुलिया, दोराहा, बिजलोन, बड़नगर, भंडेली एवं चरनाल में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृक्ष एवं जल स्त्रोतों का पूजन कर जल एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया और ग्रामवासियों को जल और प्रकृति के संरक्षण के प्रेरित किया गया। ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने बताया कि इस अवसर पर ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए राहगीरों के ग्राम भंडेली और बमुलिया में चार स्थानों पर जल मंदिर (प्याऊ) भी स्थापित की गई।

### आग से चार एकड़ गेहूं की फसल हुई राख

**सीहोर।** शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे खेतों की ऊपर से निकली बिजली के तार में अचानक हुए शॉर्ट-सर्किट और निकली चिंगारी से चार एकड़ गेहूं की फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग की लपटें देख आस-पास के किसानों ने आग को बुझाना शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक किसान आग बुझाते, तब तक खेत से काटकर खलियान में रखा जलकर राख हो गया, फायर ब्रिगेड पहुंची और आग बुझाने में मदद की। घटना में किसान को हजारों का नुकसान हुआ है। किसान ताराचंद्र यादव ने बताया कि शहर के शीतल विहार कालोनी के पीछे हमारे साथी किसान संतोष यादव की हजारों रुपए की गेंहू की फसल शॉर्ट-सर्किट के कारण जलकर खाक हो गई है। इसके अलावा पास में बनी टपरी में रखा सामन भी आग की चपेट में आ गया है।

### न्याय के लिए दर-दर भटकता रहा किसान

**सीहोर।** जिले के नजदीकी ग्राम सेवनिया में जमीन धोखाधड़ी का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक ही कृषि भूमि को दो बार बेचने का आरोप है, जिससे एक किसान का परिवार आज न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। पीड़ित पप्पू कौशल का दावा है कि उन्होंने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमंत सिंह से करीब 11 लाख 75 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी और तब से लगातार उस पर खेती कर रहे हैं। इसका उसके पास अनुबंध भी है। पीड़ित के अनुसार, विक्रय अनुबंध पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद विक्रेता रजिस्ट्री कराने के लिए बाध्य रहेगा। लेकिन सालों बीतने के बावजूद हनुमंत सिंह हर बार टालमटोल करते रहे। लगभग 14 वर्षों तक किसान भरोसे में जीता रहा, लेकिन अब वही भरोसा उसके लिए मुसीबत बन गया है। न्याय पाने के लिए किसान परिवार दर-दर भटक रहा है।

### बंद पड़ी शुगर मिल पर नपा की कार्रवाई, संपत्ति कर वसूलने दिखाई सख्ती

# फैक्ट्री प्रबंधन पर नपा का दो करोड़ बकाया भेजा नोटिस, रजिस्ट्रार को भी किया अलर्ट

अब बिना बकाया चुकाए नहीं हो सकेगी जमीनों की रजिस्ट्री। सालों पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की ऐतिहासिक पहचान रही और पिछले दो दशकों से बंद पड़ी भोपाल शुगर मिल एक बार फिर चर्चाओं में है। इस बार मामला फैक्ट्री की बेशकीमती जमीनों की खरीद-फरोख्त से जुड़ा है। शुगर मिल की जमीनों के विक्रय की लगातार मिल रही खबरों के बीच नगर पालिका प्रशासन ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। नगर पालिका ने शुगर मिल प्रबंधन पर करीब 2 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया होने का नोटिस थमाते हुए जिला रजिस्ट्रार कार्यालय को भी इस संबंध में पत्र जारी किया है।

नगर पालिका की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य शुगर मिल की संपत्तियों के अनधिकृत या बकाया रहते हुए हस्तांतरण को रोकना है। नपा प्रशासन ने जिला रजिस्ट्रार को भी अलर्ट किया कि शुगर मिल की किसी भी जमीन की रजिस्ट्री तब तक न की जाए, जब तक कि मिल प्रबंधन नगर पालिका से एनओसी प्राप्त न कर ले। चूंकि किसी भी भूमि विक्रय के लिए अंतिम रूप से रजिस्ट्रार कार्यालय ही पहुंचना अनिवार्य होता है, ऐसे में नपा ने सीधे सोर्स पर ही घेराबंदी कर दी है। अब यदि मिल प्रबंधन या कोई अन्य पक्ष जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करता है तो उसे पहले नगर पालिका का वर्षों पुराना बकाया प्रापर्टी टैक्स जमा करना होगा।

#### जमीन विक्रय की खबरों ने बढ़ाई हलचल

बता दें पिछले कुछ समय से शहर में यह चर्चा जोरों पर थी कि बंद पड़ी शुगर मिल की बेशकीमती जमीनों को बेचने की तैयारी की जा रही है। जैसे ही यह मामला नगर पालिका के संज्ञान में आया, प्रशासन ने अपनी वित्तीय सुरक्षा और शहर के राजस्व को ध्यान में रखते हुए यह बड़ी कार्रवाई की।



#### नवाबों के दौर से बर्बादी तक का सफर

मालूम हो कि सीहोर शुगर फैक्ट्री का इतिहास जितना गौरवशाली रहा है, इसका अंत उतना ही दुखद। इसकी स्थापना 1938-39 के दौरान भोपाल रियासत के तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान के कार्यकाल में हुई थी। यह इकाई कभी मालवा क्षेत्र के औद्योगिक विकास का इंजन मानी जाती थी। इसने सीहोर सहित भोपाल, विदिशा और रायसेन जिले के हजारों किसानों को खुशहाली का रास्ता दिखाया था। इसी फैक्ट्री की बदौलत सीहोर जिला गन्ना उत्पादन का हब बना और किसानों को नगदी फसल का लाभ मिलने लगा।

#### साल 2003 में हुआ पतन

बता दें इस फैक्ट्री के पतन की शुरुआत साल 2003 से हुई। वित्तीय अनियमितताओं, भारी आर्थिक घाटे और आंतरिक कुप्रबंधन के कारण वर्ष 2003 में इस फैक्ट्री पर ताला लग गया, तब से लेकर आज तक यह फैक्ट्री खंडहर में तब्दील हो चुकी है।

#### मिल की 4365 एकड़ जमीन

बताया जाता है कि शुगर मिल के पास लगभग 4 हजार 365 एकड़ (मुख्य परिसर करीब 1215 एकड़) की भूमि है। एक तरफ जहां इसकी जमीनों को बेचने की कोशिशें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ फैक्ट्री के पूर्व कर्मचारी और मजदूर आज भी दाने-दाने को मोहताज हैं। श्रमिक संगठनों के अनुसार मजदूरों का लगभग 107 करोड़ रुपये का वेतन और अन्य भत्ते आज भी मिल प्रबंधन पर बकाया हैं। मजदूरों का कहना है कि यदि जमीन बिकती भी है तो पहला अधिकार उन श्रमिकों का होना चाहिए जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस फैक्ट्री को सींचने में लगा दिया।

#### नपा सीएमओ बोले, नोटिस दिया

नगर पालिका सीएमओ सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन को प्रापर्टी टैक्स बकाया होने के चलते नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस रजिस्ट्रार कार्यालय को दिया गया, ताकि कोई भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया होने से पहले नगर पालिका को टैक्स अदा हो।

# 30 रुपए लेन-देन के विवाद में दराते से किया हमला

### नशे में युवक ने किया तांडव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

थाना क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी में 30 रुपये के मामूली लेन-देन ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे आकाश मालवीय सिगरेट लेने बादल मेवाड़ा की दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान पैसों को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद बादल सिंह और उसका पुत्र कृष्णा मेवाड़ा भी इसमें कूद पड़े। देखते ही देखते कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। गुस्से में बेकाबू आकाश मालवीय ने पहले बादल और कृष्णा पर पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

इसके बाद मामला शांत होने के बजाय और भड़क गया। आरोप है कि आकाश शराब के नशे में अपने घर गया और वहां से दराता लेकर वापस हॉस्पिटल चौराहे के पास पहुंच गया। हाथ में धारदार हथियार लेकर घूमते आरोपी को देखकर इलाके में दहशत फैल गई और लोग सहम गए। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान स्थिति और बिगड़ गई। आरोपी को काबू करने के प्रयास में राजा खान के अंगूठे में गंभीर चोट लग गई। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों ने आक्रोश में आकर आरोपी के साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

#### पुलिस ने आरोपी को दबोचा केस दर्ज

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी आकाश मालवीय को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से दराता भी जब्त किया गया। घायल राजा खान को प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल आष्टा ले जाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीहोर रेफर कर दिया गया। एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के घायल होने के चलते उसे उपचार के दौरान ही पुलिस हिरासत में रखा गया है।

# खत्म नहीं हो रहा गैस सिलेंडर का संकट मजदूर से लेकर पुलिस तक एक कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में रसोई गैस का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आलम यह है कि शहर की गैस एजेंसियों पर सुबह से उपभोक्ताओं की कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं।

हालत इतनी विकट है कि क्या मजदूर और क्या पुलिस जवान, हर कोई अपने घर का चूल्हा जलाने के लिए घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर है। शनिवार को भी शहर की तीनों प्रमुख एजेंसियों पर भारी अफरा तफरी का माहौल देखा गया।बता दें जिला मुख्यालय स्थित मछलीपुल की मेहमूद हुसैन गैस एजेंसी, लीसा टॉकीज के पास स्थित बग्गा एजेंसी और तहसील चौराहा स्थित तत्पर गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से संकट जैसे हालात बने हुए हैं। लोग सुबह होते ही ऑफलाइन नंबर लगाने के लिए पहुंच रहे हैं। कतारों में खड़े लोगों के हाथों में खाली सिलेंडर और गैस डायरी देखी जा सकती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है।

कई लोग तो अपना जरूरी काम और मजदूरी छोडक़र सिर्फ इसलिए कतार में लगे हैं ताकि घर का खाना बन सके। दावों और हकीकत में अंतरहैरानी की बात यह है कि एक तरफ जिला प्रशासन लगातार यह दावा कर रहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है।

लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों को पूरी तरह झुठला रही है। यदि आपूर्ति सामान्य है तो फिर एजेंसियों के बाहर यह भीड़ और हाहाकार क्यों? नागरिकों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग करने के हफ्तों बाद भी सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें खुद एजेंसी तक दौड़ लगानी पड़ रही है।

ईरान-इजराइल युद्ध का असर अब किचन तकवैश्विक स्तर पर चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सीधे तौर पर मध्यम और गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंच गई है। गैस नहीं मिलने से हर आम व्यक्ति परेशान हैं। गैस के संकट ने गृहिणियों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं।

# मरीह माता मंदिर में संस्कार मंच ने गरबा करने वाली कन्याओं को किया सम्मानित

### सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर दसवी के पावन अवसर पर यहां पर भजन-कीर्तन के साथ गरबा करने वाली करीब दो दर्जन से अधिक कन्याओं का संस्कार मंच द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा और मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी आदि शामिल थे। मंदिर परिसर में साल भर में आने वाली चार नवरात्रि के पावन अवसर पर माता की साधना और पूजा अर्चना की जाती है।




यहां पर हर नवरात्रि पर माता का विशेष श्रृंगार किया जाता है। इसके अलावा चैत्र और शरदीय नवरात्रि के मौके पर कन्याओं के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जाती है। मंच और मंदिर के द्वारा नवमी और दसवी पर सुहागन महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया और वहीं गरबा करने वाली दो दर्जन कन्याओं को चुनरी उड़ाकर सम्मान किया गया। संस्कार मंच की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि देवी पुराण और अन्य प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि देवी शक्ति की आराधना और भक्ति का एक शक्तिशाली माध्यम है। नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला यह नृत्य आत्म-साक्षात्कार, सृजन और ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ने का प्रतीक है। सबसे पहले माता के लिए सजाएं गएं उनके पंडालों में आरती-अर्चना के साथ आदिशक्ति मां अंबे और दुर्गा की स्तुति की जाती है। फिर गीतों के माध्यम से मां का आह्वान किया जाता है कि मां हमारे गरबों में पधारों और इस नृत्य साधना के जरिए हमारी पूजा स्वीकार करों। इसके बाद तो पैर ऐसे थिरकते है जैसे मानों मां साक्षात नृत्य की प्रस्तुति दे रही हों। पारंपरिक और रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे-धजे बच्चे, युवा, बड़े और बुजुर्ग एक अलग ही अंदाज को प्रस्तुत करते है।

घट स्थापना के बाद इस नृत्य का आरंभ होता है। बड़े-बड़े पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जाता है। गरबा नृत्य में ताली, चुटकी, खंजरी, डंडा मंजीरा आदि का ताल देने के लिए प्रयोग किया जाता है। लयबद्ध ताल से देवी दुर्गा को प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है।

### श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी-मेगा लीगल आउटरीच और अवेयरनेस कैंप लगा

# कुलगुरु डॉ. मुकेश के मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, सीहोर के स्कूल ऑफ लॉ (विधि संकाय) के विद्यार्थियों ने मेगा लीगल आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंप में उत्साह, समर्पण और सक्रियता के साथ भाग लेते हुए समाज में विधिक जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया।

यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन से छात्रों को इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं, स्कूल ऑफ लॉ की डीन डॉ. अमृता सोनी द्वारा विद्यार्थियों को इस प्रकार के सामाजिक एवं विधिक कार्यक्रमों में सहभागिता हेतु विशेष रूप से प्रेरित किया गया, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और अधिक मजबूत हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव




कुमार(प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) द्वारा की गई। इस अवसर पर हेमंत जोशी (स्पेशल जज), बालगुरु के.(कलेक्टर, सीहोर), पुलिस अधीक्षक सहित अनेक प्रशासनिक एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वपनश्री, जीशान खान जिला विधिक सहायता अधिकारी सीहोर एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉ. अखलेश शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।इस अभियान में स्कूल ऑफ लॉ के एचओडी शोभा व्यास का विशेष सहयोग रहा, साथ ही असिस्टेंट प्रोफेसर यशवर्धन तिवारी के मार्गदर्शन में छात्रों—अंकुश बढ़कुर, उत्तरदीप, अनिल मालवीय, अंजली, दिव्या, हरिओम, रुचिता, पलक, मीना प्रसाद, प्रीति, तरुण शर्मा आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आमजन को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया

।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एल.एल.बी. द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजली झावरिया सहित अन्य विद्यार्थियों द्वारा रक्तदान भी किया गया, जो मानवता और सेवा भाव की एक प्रेरणादायक मिसाल रहा।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण यह भी रहा कि विधि के फाइनल ईयर के छात्र प्रद्युम्न के अंतर्जातीय विवाह के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया, जो समाज में समानता, संवैधानिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा गया।यह कार्यक्रम न केवल विधिक साक्षरता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक व्यवहारिक शिक्षण अनुभव भी साबित हुआ। इस पहल ने यह सिद्ध किया कि युवा विधि छात्र समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# महायज्ञ का ध्वजारोहण और यज्ञ शाला का भूमि पूजन हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर मश्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर संत माधव दास महाराज, नमिता अखिलेश राय और पंडित कुणाल व्यास ने आगामी दिनों में होने वाले पंच कुंडी यज्ञ का भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर के समीप विशाल क्षेत्र में ध्वजारोहण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंडित कुणाल व्यास ने बताया कि संत माधव दास महाराज श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर के मार्गदर्शन में आगामी दिनों में होने वाले श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ के लिए शुक्रवार की सुबह नौ बजे शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नरसिंह लक्ष्मी मंदिर में पूर्ण विधि-विधान से ध्वजारोहण एवं यज्ञशाला का भूमि पूजन का भव्य आयोजन किया गया। यहां पर सुबह से भगवान नरसिंह का विशेष अभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में भगवान शंकर और हनुमान जी की पूजा अर्चना की। पंडित श्री व्यास ने बताया कि शुक्रवार को भूमि पूजन के साथ मंदिर परिसर में ध्वजारोहण का दिव्य अनुष्ठान रामनवमी के पावन अवसर पर किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 से 17 अप्रैल तक होगा

**सीहोर।** अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ए.एन.एम.) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 06 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा। परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं मप्र पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा। संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर परीक्षण करा सकेंगे।

### सीवन पुत्र आज सीवन की सेवा की शपथ लेंगे

**सीहोर।** शपथ स्थान माँ सीवन तट, श्री हनुमान फाटक धाम कस्बा, सिद्धपुर, सीहोर,शाम 4 बजे रहेगा। ज्ञातव्य है कि सीहोर की जीवनदायनी माँ सीवन की रक्षा और उसे की सेवा करने हेतु मैं पुत्र सिवान का अभियान के तहत जीवन पुत्र बनाए जा रहे हैं, 29 मार्च को श्री हनुमान फाटक धाम कस्बा सीहोर स्थित सीवन तट पर लेंगे शपथ माँ सिवान की सेवा मां शिवम के पूर्ण उधर मां सिवान की रक्षा मां शिवम की स्वच्छता व सुंदरता के लिए। माँ सीवन उद्धार के लिए संघर्षरत समाज सुधारक प्रदीप चावड़ा ने बताया कि शपथ का मूल उद्देश्य सीवन को मूल स्वरूप में लाना है जिसके लिए विगत कई सालों से संघर्षरत है यह शपथ माँ जीवन दायिनी जीवन और पुत्र के बीच रिश्ते को मजबूत करेगी। इस भावनात्मक रिश्ते के कारण न कोई कचरा न कोई पूजन सामग्री न कोई अन्य पदार्थ जीवन में प्रभावित करेंगे साथ-साथ समय-समय पर घाटों की स्वच्छता हेतु अभियान चलाएंगे सबसे बड़ी जो समस्या है। सीवन की जलकुंभी भी हटाने का काम यह सीवन पुत्र आगामी दिनों में करेंगें। प्रदीप चावड़ा ने बताया कि हर्ष की बात तो यह है कि शहर का हर युवा स्वेच्छा से ही लगातार सीवन पुत्र बन रहे हैं और माँ सीवन के जीर्णोद्धार में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। अभी तक 780 के करीब सीवन पुत्र बन चुके हैं।

## नर्मदा में रेत से भरी नाव पलटी, दो युवक लापता

# तेज हवा और ऊंची लहरों से हादसा हुआ दूसरे दिन भी जारी रहा सर्च ऑपरेशन

चार युवक नाव के जरिए नर्मदा नदी में गए थे और रेत भरकर लौट रहे थे। इसी दौरान हुआ हादसा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



नर्मदा नदी के सीलकंठ नाव घाट पर शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब रेत से लदी एक नाव तेज हवा और अचानक बदले मौसम के कारण बीच धारा में पलट गई। हादसे में नाव सवार चार युवक नदी में गिर गए, जिनमें से दो ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि दो युवक लापता हो गए। घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), होमगार्ड व पुलिस की टीमों द्वारा लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे चार युवक नाव के जरिए नर्मदा नदी में गए थे और रेत भरकर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवा के झोंकों के साथ नदी में ऊंची लहरें उठने लगीं। नाव पहले से ही रेत से भारी थी, जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते नाव बीच धारा में पलट गई। नाव पलटते ही सभी युवक नदी में जा गिरे।

हादसे के दौरान मुकेश कुमार और सोनू कुमार, दोनों निवासी पूर्णिया (बिहार), ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह तैरकर किनारे तक पहुंचने में सफलता हासिल की। वहीं उनके साथ मौजूद लड्डू कुमार (24 वर्ष) और रंजीत (36 वर्ष), दोनों निवासी पूर्णिया (बिहार), तेज बहाव में बह गए और लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। गोताखोरों की मदद से नदी में गहन सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन देर शाम तक दोनों लापता युवकों का कोई सुराग नहीं मिल सका। अंधेरा होने के कारण सर्च ऑपरेशन को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। नदी के विभिन्न हिस्सों में सघन तलाश की जा रही है और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि लापता युवकों का जल्द पता लगाया जा सके। हालांकि घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी दोनों का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है।

### दो दिन पहले आए थे काम की तलाश में

पुलिस के मुताबिक, चारों युवक बिहार से महज दो दिन पहले ही काम की तलाश में यहां आए थे। वे आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं, जिनमें दो साले-जीजा और दो साडू के रिश्ते में हैं। लापता हुए दोनों युवक भी आपस में साडू बताए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाव में जरूरत से ज्यादा रेत भरी हुई थी। तेज हवा और लहरों के कारण पानी नाव में भरने लगा, जिससे नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई। हादसे के समय घाट पर मौजूद लोगों ने तुरंत दूसरी नाव की मदद से बचाव कार्य शुरू किया और दो युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक दो



अन्य युवक गहरे पानी में लापता हो चुके थे। मौके पर पहुंचे एसडीओपी रोशन कुमार जैन और थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर रेस्क्यू टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि चारों युवक मछली पकड़ने गए थे, जबकि नाव में रेत भरी होने की बात भी सामने आई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। फ़िलहाल खबर लिखे जाने तक दोनों युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया था। स्थानीय पुलिस ओर एसडीआरएफ की टीम द्वारा लगातार सर्चिंग की जा रही थी।

## पारंगी गांव में किया 10 लाख के मांगलिक भवन का भूमि पूजन

### विधायक निधि से होगा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

लाड़कुई मंडल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के ग्राम पारंगी में 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले मांगलिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया गया। यह भवन विधायक निधि से स्वीकृत किया गया है। भूमि पूजन कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष पवन मीणा की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन मीणा ने बताया कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र में विधायक रमाकांत भार्गव के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

इसी क्रम में ग्राम पारंगी में मांगलिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।उन्होंने कहा कि लाड़कुई मंडल क्षेत्र में बीते वर्षों में विकास कार्यों को गति मिली है। ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क निर्माण, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल भवन एवं पंचायत भवन जैसे कई कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए खेत सड़कों का निर्माण भी कराया गया है, जिससे आवागमन और कृषि कार्य सुगम हुए हैं।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांवों में रहने वाले किसानों, महिलाओं, बच्चों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मांगलिक भवन बनने से गांव में धार्मिक कार्यों , विवाह, बैठकें एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समय पर पूर्ण कराने की अपेक्षा जताई।

साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, अशोक यादव, श्रीराम यादव, सुरेश यादव, ब्रजेश यादव, रितेश ठाकुर, अशोक जाट, रामकृष्ण, सरपंच घीशुराम, भगीरथ यादव, शालग्राम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में विकास की निरंतरता की कामना की।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृहद मेगा शिविर लगाया



**सीहोर।** जिला सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर के राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर संवेदना आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष संजीव कुमार अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला सहित न्यायाधीशगण शामिल हुए। इस मेगा शिविर की मुख्य थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों के अधिकार रखी गई, जिसमें जिले सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए और 750 से अधिक नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। प्रधान जिला न्यायाधीश ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और विभिन्न योजनाओं हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, टीएलएम किट, ब्रेल किट आदि प्रदान किए। मेगा शिविर में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 15 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया, जिसमें प्रधान जिला न्यायाधीश अग्रवाल एवं न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू ने भी रक्तदान किया।

## शासकीय महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र के अनुपालन में जल गंगा संवर्धन अभियान के शनिवार को शासकीय महाविद्यालय रेहटी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ अंजलि गढ़वाल के संरक्षण में किया गया एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ निधि मालवीय व डॉ लेखिका श्रीवास्तव के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों



द्वारा जल संवर्धन अभियान के तहत अपने विचार प्रकट करते हुए जल संवर्धन अभियान का उदेश्य, जल के महत्व एवं शपथ ग्रहण की कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे एवं उपस्थित विद्यार्थी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पर्यावरण को राहतः किसान अब खेतों में आग लगाने के बजाए आधुनिक स्ट्रॉ बेलर मशीन से समेट रहे नरवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तहसील भैरुंदा क्षेत्र में किसानों के बीच अब खेती का नजरिया बदलता नजर आ रहा है। जहां एक ओर मूंग की बुवाई की जल्दबाजी में कई किसानों ने गेहूं की नरवाई में आग लगाकर उसे नष्ट कर दिया, वहीं दूसरी ओर कुछ जागरूक किसानों ने आधुनिक तकनीक अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण और अतिरिक्त आय का अनूठा उदाहरण पेश किया है। इन किसानों ने स्ट्रॉ बेलर मशीन की मदद से नरवाई के रोल तैयार कर उन्हें खेत में सुरक्षित स्टोर किया, जिससे न केवल खेत की उर्वरता बची बल्कि आय का एक नया स्त्रोत भी मिला। ग्राम अतरालिया निवासी किसान लोकेश पंवार ने बताया कि उन्होंने लगभग 200 एकड़ भूमि में बची नरवाई को जलाने के बजाय मशीन के माध्यम से उसके रोल तैयार करवाए। उन्होंने कहा कि नरवाई जलाने से जमीन की उर्वर शक्ति



प्रभावित होती है और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचता है। इसके विपरीत, स्ट्रॉ बेलर मशीन से तैयार किए गए रोल को आसानी से बेचा जा सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि बुधनी स्थित वर्धमान फैक्ट्री इन नरवाई के बंडलों को 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है। खास बात यह रही कि फैक्ट्री द्वारा ही स्ट्रॉ बेलर मशीन उपलब्ध कराई गई, जिससे किसानों को अलग से कोई खर्च नहीं उठाना पड़ा। खेत में ही नरवाई को समेटकर गोल या चौकोर बंडलों के रूप में तैयार किया गया, जिन्हें बाद में आसानी से उठाकर ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। इस प्रक्रिया ने किसानों के लिए समय और श्रम दोनों की बचत की है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, स्ट्रॉ बेलर मशीन एक आधुनिक और प्रभावी समाधान है, जो पराली जलाने की समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है। यह मशीन कंबाइन हार्वेस्टर के बाद खेत में बची पराली को इकट्ठा कर उसे दबाकर गांठों में बदल देती है। इन गांठों का उपयोग पशु चारे, बायोमास ईंधन या कागज एवं गत्ता उद्योग में किया जाता है। इस पहल से न केवल वायु प्रदूषण में कमी आती है, बल्कि मिट्टी के पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं। साथ ही किसानों को अतिरिक्त आमदनी का अवसर भी मिलता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। किसान लोकेश पंवार ने अन्य किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे नरवाई जलाने की बजाय इस तकनीक को अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें। भैरुंदा क्षेत्र में इस तरह की पहल अब धीरे-धीरे एक सकारात्मक बदलाव की ओर इशारा कर रही है, जहां किसान परंपरागत तरीकों को छोड़कर आधुनिक और पर्यावरण हितैषी तकनीकों की ओर बढ़ रहे हैं। यदि इस मॉडल को व्यापक स्तर पर अपनाया जाए, तो यह न केवल प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में मददगार होगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## सत्य साई मेडिकल कॉलेज में अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सत्य साई मेडिकल कॉलेज के डीन पी. डी मंहत के मार्गदर्शन में तथा ट्रांसपोर्ट अधिकारी कैप्टन धर्मेन्द्र कुमार एवं मेडिकल सुप्रीटेंडेंट आर के गौतम के सहयोग से बस चालकों, ट्रैक्टर ड्राइवरों, बाइक चलाने वाले युवाओं और साइकिलिस्टों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें जीवन के महत्व को समझाते हुए सुरक्षित ड्राइविंग, आवश्यक सावधानियों और दुर्घटना रोकथाम के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया जा रहा है। यह पहल केवल जागरूकता नहीं, बल्कि एक ऐसी



सोच है जो "जीरो एक्सीडेंट" और सुरक्षा संस्कृति को समाज में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। साथ ही, यह लोगों में जिम्मेदार ड्राइविंग की आदत विकसित कर एक सुरक्षित भविष्य की नींव रख रही है। निस्संदेह, यह प्रयास एक जागरूक, सुरक्षित और स्वस्थ समाज की ओर बढ़ता हुआ सशक्त कदम है। इस मौके पर डी बी सी पी एल कॉरिडोर मैनेजर राजीव मिश्रा,सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, सी एस आर टीम एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।

### वृद्धजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे वसुंधरा द्वारा दिए गए सहायक उपकरण

# प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द देकर निशक्तजनों का सम्मान बढ़ायाः राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



निशक्तजनों का सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग शब्द देकर बढ़ा दिया है। दिव्यांग जनों की सेवा के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निरंतर प्रयास कर रहे हैं। निशक्त दिव्यांगजन के सशक्तिकरण मैं वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है उक्त बात शनिवार को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज सभागार में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित वृद्ध विकलांगजनों को उपयोगी सहायक निःशुल्क उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में श्रीमती अरुणा राय भी दिव्यांगजनों की सेवा करते हुए दिखाई दी। सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विशेष बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया। वसुंधरा स्पेशल स्कूल के विद्यार्थी सक्षम ने विधायक राय को अपने हाथों से बनाया गया चित्र भेंट कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। विधायक राय ने कहा कि भगवान मनुष्य शरीर अच्छा सुंदर निर्माण करते हैं लेकिन कई बार ईश्वर से त्रुटि हो जाती है और शरीर में कुछ कमी रह जाती है इस शारीरिक कमी को पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों और माध्यमों से कर रहे हैं। अनेक योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदजनों की सहायता की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सेवा कार्यो में वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और समाज को नई दिशा दे रही है। वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से इस सेवा कार्य में सहभागी बनने का हमें भी शुभ अवसर प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने सौ से अधिक वृद्ध और दिव्यांग जनों को उनकी आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, वॉकर, श्रवण यंत्र, छड़ी, बैसाखी सौ से अधिक उपयोगी उपकरण प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति,कार्यक्रम अध्यक्ष सहायक वन संरक्षक राजेश शर्मा महेश यादव, डॉ आशुतोष दीक्षित ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। वसुंधरा वेलफेयर सोसाइटी के संचालक अर्जुन सिंह और शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अतिथियों का फूल मालाए पहना कर स्मृति चिह्न भेंटकर अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## आज कलश यात्रा के साथ शुरू होगा श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को हनुमान जी महाराज और समस्त बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति सुदामा नगर द्वारा 29 मार्च से दो अप्रैल तक पांच दिवसीय श्री हनुमंत पंचकुंड आत्मक यज्ञ और श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। समिति सदस्बयों ने ताया कि शनिवार को हिमाद्री स्नान किया गया। रविवार से सुदामा नगर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसी के साथ ही पांच दिवसीय कार्यक्रम शुरू होंगे। 30 मार्च को मंडप देवता आह्वान, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, प्रतिमा का जलाधिवास, अन्नाधिवास होगा। 31 मार्च को यज्ञकर्म, घृत अधिवास, पत्र अधिवास, द्रव्य अधिवास होगा। एक अप्रैल को यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा। दो अप्रैल को यज्ञकर्म के बाद श्रीराम भव्य अभिषेक और न्यास, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम कें शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

कालातीत ऋण वाले किसानों की सूची तैयार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कृषि ऋण लेकर जमा नहीं करने वाले किसान नहीं बेंच पाएंगे अपनी जमीन

## वसूली प्रक्रिया भी बढ़ाने के हुए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला सहकारी बैंक एवं उससे जुड़ी विभिन्न शाखाओं एवं समितियों से सालों पहले लोन लेकर उसे अब तक न चुकाने वालों के लिए यह खबर गंभीर हो सकती है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के ऐसे सभी किसानों, व्यक्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश सीसीबी के जिम्मेदारों को दिए हैं, साथ ही तल्ख निर्देश प्रदान किए कि डिफाल्टर किसानों की कृषि भूमियों पर बकाया ऋण राशि खसरे में दर्ज करें ताकि उन जमीनों को बेचने की स्थिति में रजिस्ट्री न हो पाए।

जिलाधीश ने डॉ. मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सहकारी संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिला सहकारी बैंक से जुड़े कालातीत (डिफाल्टर) किसानों की विस्तृत सूची तैयार कर संबंधित खसरा अभिलेखों में दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सके।




### किसी ने खरीद ली महंगी कारें तो किसी ने तानी बिल्डिंग

जिला सहकारी बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतर किसानों ने अपनी जमीनों पर लोन कृषि ऋण के रूप में लिया लेकिन उन्होंने लोन राशि का उपयोग उस मद में किया ही नहीं। सूत्रों के अनुसार किसी कृषक ने या तो लग्जरी कारें खरीद लीं या फिर बड़ी-बड़ी बिल्डिंगे तानकार अब उक्त लोन राशि को भरने के मूड में नहीं है। करीब 50 करोड़ से अधिक की लोन राशि जिले के विभिन्न किसानों के नाम दर्ज है जो उन्होंने लेने के बाद जमा ही नहीं करवाई।

### वित्तीय अनियमितता करने वालों पर दर्ज करवाएं एफआईआर

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीसीबी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे किसानों की जानकारी राजस्व अभिलेखों में अंकित होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि वसूली कार्यवाही में भी तेजी आएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सुस्तानी सोसायटी में वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज की जाए।

### वसूली में बढ़ाएं तेजी

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जिले की सभी सहकारी समितियों, जहां ऋण की बकाया राशि अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाकर वसूली कार्य को तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सहकारी संस्थाओं का संचालन पारदर्शी एवं जवाबदेह तरीके से किया जाए, जिससे किसानों को समय पर लाभ मिल सके और वित्तीय अनुशासन बना रहे।

---

नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

# निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में आए 21 दूल्हों का घोड़ों से निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के ढकोरा रोड स्थित श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर 21 जोड़ों का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। मंदिर समिति ने सेवा और समर्पण की एक अनुपम मिसाल पेश करते हुए शुक्रवार को 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करवाया। पूरी तरह निःशुल्क आयोजित इस सम्मेलन में सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता का नजारा देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शहर के बस स्टेंड स्थित श्री वैष्णो देवी माता मंदिर से हुई। जहां से दूल्हों 21 को घोड़ों पर सवार कर चल समारोह प्रारंभ किया। यात्रा गाजे-बाजे और ढोल-धमाकों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्मेलन स्थल ढकोरा रोड पहुंची। इस बीच यात्रा का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। ब्यावरा की सड़कों पर उत्साह का माहौल रहा और लोग इस पुण्य कार्य के साक्षी बने।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बंधे परिणय सूत्र में

सम्मेलन स्थल पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में पूर्ण कराई गईं। समिति द्वारा नवदंपत्तियों के लिए भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी थीं। समिति का उद्देश्य उन परिवारों की सहायता करना है जो आर्थिक कारणों से भव्य आयोजन करने में असमर्थ हैं। यह आयोजन पूरे शहर के सहयोग से सफल हुआ है।

### समिति सदस्य से सजी नई गृहस्थी

निःशुल्क सम्मेलन होने के बावजूद समिति और स्थानीय दानदाताओं की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान भेंट स्वरूप दिया गया ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें। यह आयोजन न केवल फिजूलखर्ची रोकने का संदेश देता है, बल्कि समाज के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का भी बोध कराता है। देर शाम तक चले इस मांगलिक उत्सव में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

कलाकारों ने दिखाए अखाड़े के करतब

# श्रीराम नवमी पर निकला चल समारोह, भक्तिमय हुआ शहर



**खुजनेर।** श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को फूलमाली समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभु भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिससे पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। समारोह में भगवान श्रीराम की आकर्षक और भव्य झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही बजरंग अखाड़ा के कलाकारों और छोटी बालिकाओं ने हैरतअंगेज अखाड़ा करतब प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुजन श्रीराम के भजनों और गीतों पर झूमते-गाते हुए पूरे मार्ग में शामिल रहे। चल समारोह माताजी मोहल्ले से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, झंडा पीपल, मस्जिद चैक, पुराना थाना, इमली बाजार और जीरापुर रोड होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा। जहा महाआरती कर महाप्रसादी वितरण की गई। इस बीच नगर में चल समारोह का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### मंदिरों में हुए विशेष आयोजन

राम नवमी के अवसर पर नगर के मंदिरों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। खेड़ापति हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। वहीं मस्जिद चैक स्थित श्री चरण दास जी मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव पर दिव्य श्रृंगार, महाआरती एवं छप्पन भोग के दर्शन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।पूरे आयोजन के दौरान शहर में उत्साह, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला।

---

# गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नवरात्रि पर्व पर नगर के गायत्री शक्तिपीठ पर नवम दिन धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी, ज्योत्सना दांगी ने सपरिवार सम्मिलित होकर यज्ञ में आहुतियां देकर सुख शांति समृद्धि क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। गायत्री शक्ति पीठ जीरापुर के लिए मंगल कामना करते हुए मंदिर जीर्णोधार और सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा विधायक द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि नगर में धार्मिक आयोजन का सिलसिला प्रतिदिन चलता है जिसमें हर धार्मिक स्थान पर महिलाओं की भागीदारी नजर आती है वर्तमान समय में धर्म के प्रति सबकी आस्था बढ़ रही है उससे सब कुशल है। मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी, परिवाचक रामनिवास, सूरजमल भावसार, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, गिरीराज (सुमन) गुप्ता सहित अन्य महिला मंडल सदस्यों ने सम्मिलित होकर यज्ञ का लाभ लिया।

---

# मालाकार फूलमाली ने धूमधाम से मनाया रामनवमी पर्व, शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के मालाकार फूलमाली समाज द्वारा रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सभी समाजजन नगर के सामाजिक हिंगलाज माता मंदिर पर एकत्रित हुए जहां से शोभायात्रा नगर में निकाली गई। जिसमे एक आकर्षक भगवान राम की चलित झाकी सजाई गई थी। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी।जिसमें समाज के युवा वा महिला पुरुष भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। यात्रा का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया।

बस स्टैंड चैराहे पर एक हार्वेस्टर शोभायात्रा के बीच में आ गया। जिसके कारण शोभायात्रा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। साथ ही यह महिला व बच्चों के लिए भी दुर्घटना का कारण बन सकता था। इसमें पुलिस की लापरवाही नजर आई, एक महिला कांस्टेबल ही बच्चों और महिलाओं को हार्वेस्टर से दूर करती दिखी। जबकि पुरुष पुलिसकर्मी इन सबके बीच नदारत थे। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापस हींगलाज माता मंदिर पहुंची जहां सभी समाजजनों ने पूजन आरती कर महाप्रसादि ग्रहण की।

---

# सेन समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रामनवमी पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के मुखर्जी चौक स्थित सर्व सेन समाज मंदिर में रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह 9 बजे समाजजन मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का विशेष माहौल बना रहा। दोपहर 12 बजे पंडित मुकेश द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु श्रीराम के जयकारों से मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अखिलेश चौहान, वरिष्ठ समाजजन राधेश्याम चौहान, उमाशंकर पचलानिया, दिनेश चौहान, सुरेश चौहान, जुगल चौहान, यशवंत चौहान (नाना), निलेश चौहान, मयंक चौहान, दिव्यांश चौहान और शौर्य चौहान सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में समाज की एकता और धार्मिक आस्था का सुंदर उदाहरण देखने को मिला।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रीराम जन्मोत्सव महाआरती के बाद दी गई बधाईयां

नगर के श्रीराम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर धाम स्थित राम नाम बैंक रामायण मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान कापिलेश्वर के पूजन एवं अभिषेक से हुई। इसके पश्चात संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं नगर के शनिदेव मंदिर में भी विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम की महाआरती उतारी गई। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और प्रसाद वितरण किया गया।

---

# भैंसवामाता में महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ श्रीराम कथा विश्राम, श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरंगपुर

मालवांचल के प्रसिद्ध देवी शक्ति पीठ माता बिजासन भैंसवा माता के धाम पर गुड़ी पड़वा के पावन अवसर से चैत्र नवरात्र में शुरू हुए 108 कुंडिय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुक्रवार को विधिवत यज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। गुरुवार को जहां महाअष्टमी को विशेष आहुतियां यजमानों द्वारा दी गई थी तो दूसरी ओर शुक्रवार रामनवमी के अवसर पर महायज्ञ की पूर्णाहुति सम्पन्न हुई।



जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय वा अन्य गणमान्य नागरिक बंधुओं के साथ सभी एक सो आठ कुंड यजमान जोड़े और प्रधान यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी परिवार सहित समिति के सभी सदस्य माता बिजासन पुजारी परिवार सदस्य शामिल हुए। यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर यज्ञाचार्य पंडित संजय कृष्ण व्यास सहित सभी सैकड़ा भर कुंडाचार्य एवं ग्रामचार्य ओम पाठक द्वार विशेष पूजन सम्पन्न कराई गई। वहीं प्रसिद्द कथावाचक प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज अयोध्या धाम के मुखारबिंद से पिछले नो दिनों से चल रही रामकथा का विश्राम भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ।

---

## ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**श्योपुर।** विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा का पुत्र नितिन मल्होत्रा बीती रात को उस समय ऑटो की टक्कर से घायल हो गया,जब वह बाइक पर सवार होकर पनवाडा मेला से कराहल की तरफ लौट रहा था। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए विधायक पुत्र को कराहल अस्पताल से रैफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि परिजन नितिन को इलाज के लिए पहले शिवपुरी और फिर ग्वालियर ले गए है। यह हादसा गुरूवार की रात पौने नौ बजे उस समय घटित हुआ,जब नितिन मल्होत्रा पनवाडा माता मंदिर पर आयोजित मेले को देखकर वापस कराहल लौट रहा था,। शंकरपुर गांव के नजदीक उसकी बाइक की ऑटो से भिडंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार नितिन मल्होत्रा गंभीर रूप से घायल हो गया है। कराहल थाना पुलिस ने का कहना है कि हादसा घटित हुआ है,लेकिन परिवार के लोग इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फिलहाल थाने नहीं आए है।

---

पारायण समिति में भव्यता से मनाया गया श्रीराम का जन्मोत्सव

# दोपहर 12 बजते ही 'भए प्रकृट कृपाला' से गूंजा आसमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के पारायण चौक में श्री राम-जन्मोत्सव विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ उल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर 12 बजते ही समूचा मंदिर परिसर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और भगवान की महाआरती आरंभ हुई। आयोजन में नगर के सैकड़ों श्रृद्धालु महिला, पुरुष, बच्चे शामिल हुए और धर्मलाभ लिया। राम-जानकी मंदिर की महाआरती में सम्मिलित होने के उपरान्त श्रृद्धालुओं ने सामने स्थित राधा-कृष्ण मंदिर एवं गिर्राजजी की भी पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। इसके उपरान्त मंदिर में आए प्रत्येक जन को विषेष प्रसादी एवं चरणामृत का वितरण करवाया गया।

### नगर के अन्य मंदिरों में भी मनाया राम जन्मोत्सव

पारायण समिति स्थित राम-जानकी मंदिर सहित नगर स्थित अन्य मंदिरों, देवालयों में भी दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रत्येक मंदिर में विषेष साज-सज्जा के साथ आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान उपरान्त भक्तों को प्रसादी का वितरण करवाया गया।



### रामकथा संपन्न, आज से आरंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

पारायण चौक में चल रही धार्मिक आयोजनों के तहत कल रामनवमी के साथ ही आठ दिनों से चल रही रामकथा का समापन हो गया। अब 28 मार्च को कलश-यात्रा निकाली जाएगी एवं भागवत कथा आरंभ होगी। पंडित प्रमोद नागर भक्तों को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे। समिति पदादिकारीएवं सदस्यों ने नगरवासियों से सभी आयोजनों में उत्साह से भाग लेने का आगृह किया है। हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में अन्य बड़े आयोजन भी करवाए जाने की रूपरेखा अन्य समिति, संगठनों द्वारा की जा रही है।



---

## मासूम की सांसों पर संकटः मां ने फंदा लगाया, 10 माह की बच्ची की हालत गंभीर

**गुना।** जिले के नानाखेड़ी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, लेकिन उससे पहले अपनी 10 माह की मासूम बच्ची को भी मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश की। बच्ची के मुंह और नाक में रुई ठूंसे जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ गई और उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और अस्पताल में दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय कीर्ति कुशवाह की शादी नानाखेड़ी निवासी नीतीश से हुई थी। दोनों की एक 10 महीने की बेटी है, जो अब जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। बताया जा रहा है कि शादी के शुरुआती समय में सब कुछ सामान्य था, लेकिन बीते कुछ महीनों से पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद हो रहे थे। घर पर करीब एक लाख रुपए का बिजली बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था, जिसे लेकर भी तनाव बढ़ गया था। घटना वाले दिन सुबह कीर्ति ने अपनी जेठानी के साथ पूजा की और फिर बच्ची को खाना खिलाने लगी। कुछ देर बाद जेठानी मंदिर चली गई। इसी दौरान कीर्ति ने मासूम के मुंह और नाक में रुई भर दी और खुद कमरे में फंदा लगाकर झूल गई। जब जेठानी वापस लौटी तो कीर्ति फंदे पर लटकी मिली, जबकि बच्ची जमीन पर बेसुध पड़ी थी। पड़ोसियों की मदद से महिला को नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्ची को तुरंत भर्ती कर उपचार शुरू किया गया, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद अस्पताल में ससुराल और मायके पक्ष आमने-सामने आ गए। जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके पक्ष ने प्रताड़ना और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सबकी निगाहें उस मासूम पर टिकी हैं, जिसकी सांसों के साथ अब कई सवाल भी जुड़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### नगर में आज निकलेगी प्रभात फेरी

**सीहोर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के पर्व पर अनेक आयोजन होंगे। महावीर जयंती के एक दिन पूर्व 29 मार्च को प्रातः 6 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ होगीं जिसमे श्रावक श्राविकाएं भजन कीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गांधी पार्क स्थित जैन समाज के आराध्य भगवान महावीर स्मारक कीर्ति स्तंभ प्रभात फेरी मे शामिल श्रध्दालु पंहुचकर भक्तिभाव से भजन कीर्तन , धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर तत्पश्चात श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित कस्बा जायेगे जंहा भजन कीर्तन कर श्रावक श्राविकाएं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करेंगे।

### एक अप्रैल से प्रारंभ होगा गेहूं का उपार्जन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 01 अप्रैल से 05 मई तक किया जाएगा। उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एवं बिक्री की रोकथाम के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी अनुभागों के एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन पर निगरानी बनाए रखने और इसे रोकने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिए हैं कि मंडी एवं उप मंडी में गेहूं की आवक व विक्रय पर निगरानी रखे और अवैध परिवहन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करें।

### समिति के सदस्यों ने किया कन्यादान, भेंट की लाखों की उपहार सामग्री

# बड़ा गणपति ग्रुप की पहलः मां राजेश्वरी के पंडाल में दो कन्याओं का कराया विवाह

चैत्र नवरात्रि की दशमी पर कॉलोनी चौराहा स्थित मां राजराजेश्वरी बड़ा गणपति ने निर्धन कन्याओं का विवाह किया। दुर्गा पंडाल बना शादी का समारोह, बारात भी आई, कन्या भोज भी किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के कॉलोनी चौराहा पर चैत्र नवरात्रि में मां राज राजेश्वरी बड़ा गणपति ग्रुप की सकारात्मक पहल देखने को मिली। यह चैत्र नवरात्रि महोत्सव की दशमी पर मां राज राजेश्वरी बड़ा गणपति ग्रुप के सदस्यों ने दो कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विधि विधान से करवाया और हजारों रुपए की उपहार सामग्री भी भेंट स्वरूप प्रदान की।

कॉलोनी चौराहा के मां राज राजेश्वरी बड़ा गणपति ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य प्रशांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मां राज राजेश्वरी की कृपा से आष्टा के ग्राम आनंदीपूरा और ग्राम पाटाडा के दो जोड़ों का निशुल्क विवाह कराया गया । जिसमें समिति द्वारा शादी में कन्या के लिए सभी प्रकार का घरेलू सामान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। जिसमें वर पक्ष से बारात के रूप में 150 से 200 लोग बाराती के रूप में शामिल हुए और सभी का स्वागत घराती के रूप में समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

#### समिति के सदस्यों ने माता पिता बन किया कन्यादान, उपहार सामग्री भेंट की

मां राज राजेश्वरी बड़ा गणपति ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य पूर्व पार्षद पंकज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलोनी चौराहे पर लगभग 35 वर्षों से गणेश चतुर्थी पर बड़े गणपति की की स्थापना करते आ रहे हैं वही बीते 18 वर्षों चैत्र नवरात्रि में मां राज राजेश्वरी की स्थापना कर धूमधाम से नवरात्रि उत्सव मनाते हुए 9 दिनों तक की मां की आराधना करते हैं इस वर्ष हमने मां राज राजेश्वरी के पंडाल में दो निर्धन कन्याओं के विवाह करने का विचार किया था और मां ने कृपा करते हुए चैत्र नवरात्रि की दशमी पर दो कन्याओं का विवाह भी सम्पन्न कराया । हमनें दूल्हा दुल्हन के उपयोग में आने वाली जरूरी उपहार सामग्री फ्रिज, डबल बेड, सोफे, कूलर, टीवी, बर्तन, मंगलसूत्र, झुमकी, पायजप सहित अन्य कई तरह की डेढ़ लाख रुपए से अधिक की सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की। इस विवाह समारोह में वर और कन्या पक्ष के 150 से 200 लोगों के अलावा आस-पास के लोगों ने दोनों जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान दोनों कन्याओं का कन्यादान समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रशांत शर्मा ने अपनी पत्नी वंदना शर्मा और पंकज यादव ने अपनी पत्नी अर्चना यादव के साथ माता पिता की भांति किया।

इस मौके पर बड़ा गणपति ग्रुप के सदस्यों ने वर-कन्या के मंगल जीवन की कामना की। बड़ा गणपति ग्रुप के आनंद गोस्वामी ने भी आगे जानकारी देते हुए बताया कि बड़ा गणपति ग्रुप द्वारा समय-समय पर जनहित और सामाजिक कार्य किए जाते हैं,



फिर चाहे उसमें गर्मियों के मौसम में प्याऊ की बात हो गरीब कन्याओं की शादी की बात हो या कई तरह के सामाजिक कार्य। संस्था द्वारा बढ़-चढ़कर कार्य किए जाते हैं।

## शिक्षक हर अच्छे कार्य के लिए सदैव तत्पर, किसी पहचान का मोहताज नहींः अजबसिंह राजपूत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में संकुल का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें संकुल प्राचार्य राजपूत द्वारा शिक्षकों को नवीन शिक्षा सत्र के लिए उत्साहित किया। नवीन सत्र का प्रवेश उत्सव वह अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की तैयारी को लेकर संकुल के सभी प्रधानाध्यापक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संकुल प्राचार्य अजब सिंह राजपूत एवं जन शिक्षक जगदीश मालवीय एवं रमेश मेवाड़ा द्वारा नवीन शिक्षा सत्र 2026 -2027 के आरंभ के लिए की जाने वाली समस्त शैक्षणिक तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

साइकिल वितरण, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण आदि की समीक्षा भी की गई तथा सभी संस्था प्रधान से अपेक्षा की गई कि नवीन शिक्षा सत्र में अधिक से अधिक नामांकन और मैपिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कर लिया जावे, तथा क्षेत्र के घुमंतू एम अप्रवेशी बच्चे 3 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के सभी बालक बालिकाओं तथा उनके पालकों को प्रवेश उत्सव में शामिल किया जाए। एवं समस्त विद्यार्थियों की शत प्रतिशत अपार आईडी समय सीमा में बनावे एवं अभिभावकों से अपील किया जाए की आधार अपडेशन के लिए जन शिक्षा केंद्र बार, केंद्र निर्धारित किए गए हैं, उन केदो पर जाकर अधिक से अधिक संख्या में आधार अपडेशन का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। शैक्षिक संवाद में बंशीलाल धनवाल, मुकेश चित्तौड़ा , हामिद अंसारी, रामलाल कुशवाहा, धीरज सिंह ठाकुर, मंजु विश्वकर्मा, सीमा कोरी, विमला राठौर, बहादुर सिंह ठाकुर, मांगीलाल अजनोतिया, संजय कुमार जैन, नौसिन जहां, सुनीता मालवीय, रमेश रेकवाल, वेद् प्रकाश पिपलोदिया, पवित्रा सारसिया, रेखा सोलंकी, रेखा स्रोत्री, सुरेश सिंह भाटी, दीपा मालवी यह, विनय कुमार चंद आदि प्रधानाध्यापको ने भाग लिया अंत में महेंद्र सिंह मालवीय सहायक ग्रेड-2 द्वारा आभार व्यक्त किया।

## सैंधव क्षत्रिय राजपूज समाज की शौर्य दिवस समिति के चल समारोह का आदिवासी विकास परिषद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर सैंधव क्षत्रिय राजपूज समाज की शौर्य दिवस समिति द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा का आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील कटारा के नेतृत्व में सेमनरी रोड पर स्वागत किया गया।

सुनील कटारा व स्वागत कर्ताओं ने राम दरबार की पूजा अर्चना कर शौर्य समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर पटेल रामपुरा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, तहसील अध्यक्ष जीवनसिंह ठाकुर शोभाखेड़ी, संयोजक मानसिंह ठाकुर इलाई सहित समिति के अन्य सदस्यों एवं वरिष्ठो का साफे बांधकर व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

इस उपलक्ष्य पर आदिवासी विकास परिषद के जिलाअध्यक्ष सुनील कटारा ने बताया कि प्रति वर्ष चेत्र की नवरात्रि के नवमी के दिवस पर सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज के युवाओं की शौर्य दिवस समिति के सदस्य चल समारोह का आयोजन करते है। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सैंधव क्षत्रिय राजपूज समाज की धर्मशाला पर समापन होता है।



आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील कटारा एवं अन्य साथी गणों ने चल समारोह के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह ठाकुर रामपुर को आदिवासी समाज का स्मृति चिन्ह तीर कमान भेंट किया।

इस अवसर पर आदिवासी विकास परिषद के जिला अध्यक्ष सुनील कटारा, गुलाब बाई ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, पूर्व जनपद अध्यक्ष बापूलाल मालवीय, ब्लाक कांगेस अध्यक्ष महेश मेवाड़ा मूंदीखेड़ी, शहर कांगेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, मुकेश मालवीय, राजकुमार मालवीय, अरविंद मेवाड़ा मंडलम अध्यक्ष, पार्षद मेहमूद अंसारी, तोसीफ बाबा, प्रेम पटारिया, फेजउद्दीन, बंशीलाल बाम्बे, अखिलेश राजपूत, निखिल कुश्वाहा, शेख शावेज, आशिक मंसूरी, कृपालसिंह तोमर, सुरेन्द्र सिंह बागेर, राकेश खरते, योगेश भंडारी, विरेन्द्र सरपे आदि उपस्थित रहे।

## सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज का निकला चल समारोह, किया जगह-जगह स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैध ने शौर्य समिति के जुलूस का स्वागत किया और समिति के अध्यक्ष अजय ठाकुर, सचिव अर्जुन ठाकुर,कोषाध्यक्ष युवराज ठाकुर एवं सेंधव राजपूत समाज के सभी वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला एवं दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया नगर में सेंधव क्षत्रीय राजपूत समाज द्वारा प्रतिवर्ष विशाल शोभायात्रा रामनवमी के अवसर पर निकाली जाती है। शोभायात्रा श्री राम मन्दिर से प्रारंभ हुई जिसका जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, संजय अजमेरा, सुनील लोधी,अभिषेक शर्मा, हेमंत परिहार, अड्डु खान, मुन्ना पंडित, ऋषि वर्मा के साथ स्वागत किया ओर राम लक्ष्मण जानकी का विधिवत पूजन किया। वहीं जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने बताया कि राम जन्मभूमि शौर्य समिति यहां जुलूस निकाल कर एक पुनीत कार्य कर रही है। जिसमें सेंधव क्षत्रीय राजपूत समाज के साथ अन्य समाज के लोग भी शामिल होते हे यहां हमारे जावर नगर के लिए बड़े गर्व की बात हे मैं समिति के सभी सदस्य और वरिष्ठ साथियों का आभार व्यक्त करता हूं और धन्यवाद देता हूं कि या पुनीत कार्य राजपूत क्षत्रीय सेंधव समाज कर रही है।

## महाविद्यालय में एनएसएस का लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय के गोद ग्राम ग्वाला में किया जा रहा है। 26 मार्च को जैविक खेती एवं जल संवर्धन जागरूकता रैली निकाली गई। बौद्धिक सत्र में जैविक खेती पर व्याख्यान दिया गया। दिनांक 27 मार्च को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर रैली निकाली गयी और घर घर जाकर ग्रामीणों को जागरुक किया।



### चंचल व्यास श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा अध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के अंतर्गत राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी की सहमति से चंचल व्यास को देवास जिला महिला सभा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी सहित प्रमोद व्यास, राजेश त्रिवेदी, सुबोध शर्मा, कमलेश शर्मा, दिनेश मिश्रा, संजय शुक्ला, महेन्द्र स्थापक, प्रीति पुरोहित, शीला शर्मा, डॉ. रानी व्यास, कविता शर्मा, अंजली व्यास एवं संध्या आचार्य सहित देवास जिले की युवक-युवती परिचय सम्मेलन समिति के सभी सदस्यों तथा श्री महर्षि गौतम सेवा समिति के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### अंबिका माता मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन



**भौंरासा।** चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में अंबिका माता मंदिर छिपापुरा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे, महिला, पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संतोष राठौर ने बताया कि यहां पर पिछले कई सालों से प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन होता आ रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। नौ दिनों तक माता की पूजा अर्चना के दौरान अखंड ज्योत जलाई गई। शुक्रवार को छिपापुरा स्थित मां अंबिका गरबा मंडल भौरासा के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। शाम से शुरू हुआ भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आकर भंडारे का नगर के लोगों के द्वारा लाभ लिया गया। उक्त जानकारी जितेंद्र राठौर, धर्मेंद्र राठौर, दुर्गेश राठौर, रवि राठौर, अर्जुन राठौर ने दी।

### थाना खातेगांव पुलिस ने चंद घंटों में किया लापता व्यक्ति के हत्याकांड का खुलासा

# उधारी के विवाद में कातिल ने की दोस्त की निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के खातेगांव में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा ली। "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी सुनील अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के पीछे 50 हजार रुपए का लेन-देन सामने आया है। 25 मार्च को खातेगांव निवासी रेहाना बी ने अपने पति हनीफ शाह के लापता होने की सूचना पुलिस को दी। उसी दिन हनीफ शाह का शव जीन से चिमटा वाले बाबा के रास्ते पर पड़ा मिला। शव मिलने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन और एसडीओपी कन्नौद आदिया शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय सिंह लोधी की टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसी दौरान एक संदिग्ध की पहचान सुनील अग्रवाल के रूप में हुई।



#### आपस में पैसों का चलता था लेन-देन

आरोपी सुनील अग्रवाल एवं मृतक हनीफ के मध्य पूर्व से ही आवश्यकता पड़ने पर आपस में पैसो का लेन देन चलता था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक हनीफ शाह से उसका 50 हजार रुपए का लेन-देन था। पैसे वापस नहीं मिलने पर उसने हनीफ को शराब पिलाकर सुनसान स्थान पर ले गया और पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने की कोशिश की, लेकिन सीसीटीवी कैमरों ने सच्चाई उजागर कर दी।

#### टीम को किया पुरस्कृत

उक्त सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक विजय सिंह लोधी, उनि राजेश बारेला, उनि रमेश पचलानिया, उनि राहुल रावत (थाना कन्नौद), सउनि जगन्नाथ चावड़े, प्रआर दुर्गेश विश्नोई, प्रआर सुनील प्रजापत, प्रआर रविन्द्र तोमर, प्रआर रवि राव जाधव(थाना सतवास), आर. सोहन जाट, भरत शर्मा, नितेश गौर, मनमोहन मीणा, गौरव तोमर, योगेन्द्र पटेल, सूरज चौहान, आर. जयदेव (थाना सतवास) मआर पायल कुंवर, म.आर खुशूब सिंह, आर बालकृष्ण छापे (थाना कन्नौद), आर सोनू, आर. युवराज सायबर सेल, सैनिक अरविन्द, सैनिक मनीष बाथोले, सैनिक संदीप तोमर (थाना नेमावर) का सराहनीय योगदान रहा । सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 10 हजार रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की गई है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न 12 जोड़े परिणय बंधन में बंधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोधी समाज भौरासा द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन रामनवमी के उपलक्ष में शुक्रवार में रखा गया, जिसको लेकर पिछले कई दिनों से समिति बड़ी जोर शोर से तैयारी कर रही थी। लगातार 18 वीं बार लोधी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन राम मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें 12 जोड़ों का विवाह हुआ। जिन्हें नगर परसाई संजय कुमार जोशी, पंडित संतोष शर्मा, पंडित विवेक शर्मा द्वारा कराया गया। सम्मेलन में इंदौर, उज्जैन शाजापुर, मक्सी, शुजालपुर आष्टा, सीहोर, देवास, सोनकच्छ, पीपलरांवा, कमलापुर, हाटपिपलिया, नेवरी चापड़ा, अमरपुरा, खटांबा, जामगोद सहित कई क्षेत्रों से दूल्हा दुल्हन पहुंचे थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगर के सामाजिक गण मौजूद रहे। उक्त जानकारीसामूहिक विवाह समिति के छगन लोधी ने दी।